भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3427

17 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

सवागांव-बेलागावी रोड़ पर निर्माण कार्य

3427. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक के बेलागावी शहर के निकट सवागांव-बेलागावी रोड़ (एमडीआर) का निर्माण कार्य रक्षा अधिकारियों की इस आपत्ति के आधार पर पूरा नहीं किया गया है कि यह रक्षा-भूमि से होकर गुजरती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जनहित में उक्त सड़क की मरम्मत/निर्माण कार्य शुरू करने हेतु स्थानीय अधिकारियों के सहायतार्थ सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग) बेलागावी सवागांव मंडोली सड़क (नानावाड़ी से सवागांव-मंडोली अंगाड़ी इंजीनियरिंग कालेज

से होकर रोड को कनेक्ट करते हुए) के विस्तार हेतु 2.718 रक्षा भूमि के अंतरण के लिए प्रस्ताव समान मूल्य भूमि के विनिमय के आधार पर कर्नाटक राज्य सरकार से प्राप्त हुआ था । रक्षा मंत्रालय को रक्षा भूमि के बदले में अंतरण हेतु उपयुक्त भूमि की पहचान रक्षा मंत्रालय के दिनांक 02.02.2016 के नीतिगत पत्र संख्या 11015/2/2012/रक्षा(भूमि) के तहत कार्य करने की अनुमति प्रदान किए जाने हेतु मामले को आगे बढ़ाने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा की जानी है ।

*****